**स्वतंत्रता दिवस – 2025**

## स्वाधीनता दिवस पर राज्यपाल ने राजभवन में खेजड़ी का पौधा लगाया

## राष्ट्र की समृद्धि और सम्पन्नता के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया

## राज्यपाल श्री बागडे ने राजभवन में झण्डारोहण किया

जयपुर, 15 अगस्त। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने शुक्रवार को राजभवन में स्वतंत्रता दिवस पर झण्डारोहण किया। बाद में उन्हें आरएसी गारद ने सलामी दी।

राज्यपाल श्री बागडे ने इस दौरान राजभवन परिसर स्थित राजकीय विद्यालय के उच्च प्राप्तांक वाले विद्यार्थियों को उपहार स्वरूप पुस्तके और मिठाई वितरित की। उन्होंने स्वाधीनता दिवस की सभी को बधाई देते हुए राष्ट्र की समृद्धि और सम्पन्नता के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया।

राज्यपाल ने स्वाधीनता दिवस पर राजभवन में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत खेजड़ी का पौधा भी लगाया। उन्होंने कहा कि मरुस्थल की जलवायु के सर्वथा अनुकूल खेजड़ी वृक्ष संपन्नता का प्रतीक है।

इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव डॉ. पृथ्वी, प्रमुख विशेषाधिकारी श्री राजकुमार सागर सहित राजभवन के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

———————













